# नकली डीएपी खाद का भंडाफोड़, गोदाम सील

## एसडीएम अखिल राठौर की टीम ने खौप गांव के वेयरहाउस पर मारा छापा

- 57 बोरी खाद, 60 बोरी कच्चा माल और 1000 से अधिक खाली बोरी जब्त
- संचालक आदित्य पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश





**छतरपुर 23 सितंबर. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के खौप गांव में नकली डीएपी खाद बनाने का बड़ा खुलासा हुआ है. एसडीएम अखिल राठौर ने टीम के साथ छापेमारी कर एक गोदाम को सील कर दिया.**

जांच के दौरान गोदाम से 57 बोरी नई पैकिंग में खाद, 60 बोरी कच्चा माल, 1000 से अधिक खाली बोरी, सिलाई मशीन और अन्य रॉ मटेरियल जब्त किया गया. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा कारोबार आदित्य पुत्र रामनारायण पाठक द्वारा संचालित किया जा रहा था. एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं. जिले में पिछले कई दिनों से खाद की कमी और कालाबाजारी को लेकर किसान परेशान थे. किसानों का कहना है कि उन्हें महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है और कई बार नकली खाद मिलने की शिकायतें भी सामने आई हैं. पिछले साल भी उत्तर प्रदेश से बड़ी मात्रा में नकली खाद छतरपुर में बेचे जाने की घटनाएं सामने आई थीं. एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि टीम गठित कर कार्रवाई की गई है. गोदाम को सील कर दिया गया है और अब पुलिस व संबंधित विभाग की निगरानी में मामले की आगे जांच की जाएगी.

## जागरुकता व्याख्यान का किया आयोजन

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. इमरानखान ने सामाजिक कुरीतियों पर व्याख्यान देते हुए उनके निवारण की बात कही व कहा कि यदि हम स्वयं में सुधार लाते है तो सारे समाज में सुधार आता है और इस तरह किसी भी सामाजिक समस्या को खत्म किया जा सकता है। डॉ.एलएन मालवीय ने बताया कि कैसे नैतिक एवं शिष्टाचार का पतन नई नई सामाजिक कुरीतियों को जन्म दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारी एसके मेहरा ने बताया कि सामाजिक कुरीतियो को दूर करने के लिये शिक्षा हमारा सबसे बड़ा शस्त्र है।



# सोयाबीन का कम भाव मिलने से उत्पादक मायूस

- समर्थन मूल्य पर 25 से शुरू होगी पंजीयन प्रक्रिया
- मौसम की मार से प्रभावित हुई फसल को नहीं मिल रहे भाव

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 सितंबर. मंडी में नए सोयाबीन की आवक हुए एक सप्ताह से अधिक हो गया, लेकिन अब तक मिल रहे भावों को देखते हुए किसानों के चेहरों पर मायूसी बनी हुई है. नए सोयाबीन का अधिकतम भाव 3600 रुपए क्विंटल तक ही मिल रहा है, जिससे उनकी लागत निकलना भी मुश्किल हो रहा है. उन्हें अब समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने का इंतजार है. हालांकि प्रशासनिक तैयारियों को देखकर लगता नहीं है कि जिले में पंजीयन व खरीदी कार्य निर्धारित समय पर प्रारंभ हो सकेगा.**

बीते सप्ताह से कृषि उपज मंडी में नया सोयाबीन आना शुरू हो गया है, लेकिन दाम बहुत कम मिल रहे हैं. सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य पर भी की जानी है, लेकिन अभी तक पंजीयन शुरू नहीं हुए हैं. इधर पिछले एक सप्ताह से रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण पककर खड़ी फसल में नमी होने के कारण हार्वेस्टर नहीं चल पा रहे हैं, वहीं मजदूर भी कटाई के लिए नहीं मिल रहे है. नपतीजतन खेत में उपज अंकुरित होने का भी खतरा बना हुआ है. ऐसे में दोहरा नुकसान किसानों को हो रहा है. किसान पंजीयन व समर्थन मूल्य पर शीघ्र सोयाबीन खरीदी की मांग कर रहे हैं.

### सरकार का किसान की कमाई पर डाका : हरपाल

आष्टा. किसान की सोयाबीन की फसल का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल मिलने पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय 2013-14 में किसान के सोयाबीन का समर्थन मूल्य 2560 रुपए प्रति क्विंटल था तब किसान को सोयाबीन कृषि मंडी में 4000 से लेकर 5000 प्रति क्विंटल भाव मिलता था तो आज केंद्र की मोदी सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है तो फिर आज 3000 रुपए प्रति क्विंटल क्यों खरीदा जा रहा है.

# नर्मदापुरम संभाग की विशेष कोर समिति की बैठक संपन्न

## वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारीगण तहसील स्तर पर जाकर संगठन को मजबूत करें : उमाशंकर



**बैतूल. बैतूल-नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिलों की विशेष कोर समिति की प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल जी के निज निवास पर आयोजित बैठक में उमाशंकर ने नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिले से आये संभागीय के पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब के सहयोग व सक्रियता से वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश का विस्तार होकर विराट स्वरूप ले चुका है। अब पंचायत स्तर पर वैश्य महासम्मेलन को ले जाने के लिए जो कदम पहले उठाये गये थे उसे और गति प्रदान करना है।**

गुप्ता जी द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया कि तहसील स्तर पर वैश्य महासम्मेलन को मजबूत करने की महती आवश्यकता है। क्योंकि तहसील मजबूत होगी तभी हम प्रभावी रूप से वैश्यों को सहायता कर पायेगें। इसके लिए नर्मदापुरम संभाग की कुल 22 तहसील में उन्होंने संभाग के पदाधिकारियों को एक-एक तहसील का दायित्व सौंपकर उनसे उम्मीद की है कि वहां जाकर महीने में कम से कम एक दिन का दौरा अवश्य करें।

महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया प्रदेश से जो भी निर्देश आते है उनका पालन किया जाकर उसकी रिपोर्टिंग प्रदेश को की जानी चाहिए। और परस्पर पदाधिकारियों का संवाद बातचीत के माध्यम से बना रहना चाहिए।

प्रारंभ में उमाशंकर जी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष अखिलेश गोठी, महिला जिलाध्यक्ष अमिता गुप्ता एवं जिला इकाई के पदाधिकारियों ने माला से उनका स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिला इकाई द्वारा समस्त अतिथियों का भी मालाओं से स्वागत किया।



# जोखिम बढ़ा रही बिना रैलिंग की पुलिया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 सितंबर, का. अत्यधिक बारिश के चलते इस बार स्थानीय अजनार नदी में पानी का तेज प्रवाह बना हुआ है. साथ ही प्रतिमा विसर्जन के लिए इंदौर नाका पुल के यहां स्टॉप डेम पर पानी को रोक दिया गया है जिससे यहां लबालब पानी भरा हुआ है किंतु पुल पर रेलिंग नहीं होने से यहां से आवागमन जोखिम भरा है.**


उल्लेखनीय है कि विगत दिवस तक हुई तेज बारिश के चलते अजनार नदी में काफी मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी हुई है. पानी का तेज प्रवाह है. इंदौर नाका पुल के स्टॉप डेम पर ही नवरात्रि के समापन पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा.

## झांकी पाण्डालों में पहुंचे एसपी

**खिलचीपुर 23 सितम्बर, सं.** नगर ओर श्रेत्र में नवरात्रि पर्व की धूमधाम है. लोग माता की भक्ति में डूबे हुवे है. एसपी अमित तोलानी ने खिलचीपुर नगर के नव दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया झांकी समिति के लोगों से चर्चा कर प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली इस मौके पर एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर भी मौजूद थे. एस पी अमित तोलानी करीब एक घंटे तक नगर में रहे इस दौरान नगर के गायत्री मंदिर के दुर्गा पांडाल में पहुंचे यह से बराई माता मंदिर में पहुंचकर आयोजकों से चर्चा की. एसपी ने सराय भवन, सुभाष चौक, मेडतवाल पेलेस रोड पर भी नव दुर्गा पंडालों का भ्रमण किया.

# 1 रात, 2 घर, 20 लाख की चोरी, 4 संदिग्ध

- डॉग स्क्वाड, एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच
- पिछले कुछ दिनों से दो पहिया और चार पहिया वाहन हो रहे चोरी



नवभारत न्यूज

**विदिशा 23 सितम्बर, शहर के सिविल लाइन इलाके में एक ही रात में दो सूने आवासों को निशाना बनाकर लाखों रुपए चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है. दोनों ही घरों से करीब 20 लाख रुपए व नगदी की चोरी हुई.**

चोरी की वारदात की जानकारी मंगलवार की सुबह लगी. जिसके बाद पुलिस और डॉग स्वाक्ड की टीम मौके पहुंची. चोरी की पहली वारदात सांई कॉलोनी में हुई. जहां प्रमोद खटीक का परिवार नंदवाना में देवी प्रतिमा स्थापना में व्यस्त था. घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़े. चोरों ने करीब 15 तोला सोने के जेवर और 5.5 लाख रुपए नकद चुरा लिए. सुबह जब मालिक का बेटा घर आया तो सारा सामान बिखरा मिला जिसकी जानकारी परिवार को दी गई.वहीं चोरी की दूसरी वारदात शिव बिहार कॉलोनी में हुई जहां से चोरों ने एक मकान से डायमंड रिंग और करीब 25 हजार रुपए नकद चुरा लिए. वारदात की जांच फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम भी कर रही है. पुलिस ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले हैं.

## पदयात्रियों का सत्कार करने लगे सेवा पंडाल

**शाहगंज.** मां विजयासन धाम सलकनपुर पहुंचने वाले पद-यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा है. सैकड़ों पदयात्री मां विंध्यवासनी के दरबार में पहुंचने के लिए नगर से निकल रहे हैं. सुबह से लेकर रात तक सड़क पर सिर्फ पदयात्री नजर आ रहे हैं. पदयात्रियों के लिए नगर में समाजसेवी संगठन द्वारा शनि मंदिर के पास स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है. जिसमें चाय, फल, खिचड़ी, छाछ आदि का स्वल्पाहार कराया जा रहा है. पद यात्री नंगे पांव ही शक्ति की भक्ति में लीन माता के दरवार मे हाजरी लगाने पहुंच रहे हैं. बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरुष सभी हाथ मे ध्वज पताकाएँ लिए हुए गाजे बाजे के साथ माता के जयकारे लगाते हुए पैदल चले जा रहे हैं.

# जनप्रतिनिधियों ने पिलाई बच्चों को कृमिनाशक दवा

## आंगनवाड़ी केंद्रों व स्कूलों में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एनीमिया मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ पटेल पार्क स्थित संजीवनी क्लीनिक में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद महेंद्र भारद्वाज द्वारा किया गया।**

इस दौरान पार्षद श्री भारद्वाज ने 1 से 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के सभी बच्चों को परजीवी कृमि संक्रमण (पेट के कीड़े) से बचाव हेतु कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई। उन्होंने बताया कि इस दवा के सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा समग्र विकास में उल्लेखनीय सुधार होगा।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर संजीवनी क्लीनिक में आयोजित एनीमिया मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ अवसर पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने क्लीनिक को दो नई अलमारियां भेंट कीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्होंने दवाइयों को अस्त-व्यस्त अवस्था में देखा और चिंता व्यक्त की। तत्पश्चात उन्होंने स्वयं के खर्च से क्लीनिक को अलमारियां उपलब्ध करवाईं, जिससे दवाइयों को सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सोनू सुमन, डॉ. रजनी छारी, अरविन्द्र रघुवंशी, डॉ. रत्नेश महावने सहित पैरामेडिकल स्टाफ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### केंद्रीय मंत्री से भोपाल में मुलाकात

**सागर.** महापौर श्रीमती संगीता तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने भोपाल प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर किसानों के कल्याण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की. महापौर ने श्री चौहान को नगर निगम द्वारा नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण के किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी. इस अवसर राजकुमार पटेल, शैलेंद्र ठाकुर, रिशांक तिवारी, नमन चौबे उपस्थित थे.



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सीहोर.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली. इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.

### आज बेरोजगारों के लिए लगेगा मेला

**टीकमगढ़।** जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टेगौर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 24 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का अयोजन किया जा रहा है।

# 8 दिनों से खराब पड़ी पैथॉलॉजी मशीन

- जिला अस्पताल में नहीं हो रहा बी-12 और थाईरॉईड का लैब में टेस्ट
- एक-एक हजार में निजी पैथोलॉजी में टेस्ट करवाने को मजबूर मरीज




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 सितम्बर, का. जिला चिकित्सालय की लेबोरेटरी में पैथालॉजी टेस्ट करने वाली महत्वपूर्ण मशीन खराब होने से हार्मोनल टेस्ट टेस्ट नही हो पा रहे है. ऐसे में मरीज निजी लेब पर मोटी रकम चुका कर जांच करवाने को मजबूर है.**

जो सक्षम है वो तो बाहर टेस्ट करवा रहा है लेकिन जो आर्थिक रूप से कमजोर है वह बिना उचित इलाज के मशीन ठीक होने की बाट जोह रहा है.

### 8 दिन से खराब मशीन का सेंसर

नवभारत पड़ताल में पता चला कि सी .पी . सिमन्स मशीन जो कि मल्टीपल हार्मोनल टेस्ट करने काम आती है उस का इलेक्ट्रॉनिक सेंसर ठीक से काम नही कर रहा है . अब यदि पिछले 8 दिनों से मशीन ठीक से काम नही कर रही है फिर अभी तक टेक्नीशियन को क्यो नही बुलवाया गया . गौरतलब है कि प्रेदश भर के सरकारी अस्पतालों में निजी एजेंसियों को पैथोलॉजी लेब में जांच का काम सौपा गया है . ऐसे में हर हाल में जल्द से जल्द तय समय में बेहतर सुविधा प्रदान करना होता है . लेकिन इस के विपरीत मोटी राशि खर्च खर्च करने के बावजूद लापरवाह प्रबधन के चलते शासन की मंशा पूरी नही हो रही है .

## सहकारिता प्रशासक लेंगे आमसभा की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** गुरूवार 25 सितम्बर को उपायुक्त सहकारिता प्रशासक टीकमगढ़ की अध्यक्षता में 25 सितम्बर को दोपहर 2 बजे वन मण्डल कार्यालय मामौन दरवाजा टीकमगढ़ में जिला यूनियन टीकमगढ़ की वार्षिक साधारण सभा आमसभा की बैठक आयोजित की गई है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, टीकमगढ़ के समस्त प्रतिनिधियों को सूचित किया गया है कि उपायुक्त सहकारिता प्रशासक टीकमगढ़ की अध्यक्षता में 25 सितम्बर को दोपहर 2 बजे वन मण्डल कार्यालय मामौन दरवाजा टीकमगढ़ में जिला यूनियन टीकमगढ़ की वार्षिक साधारण सभा आमसभा की बैठक आयोजित की गई है।




# सफाई मित्रों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 23 सितंबर. मकरोनिया के वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड 17 में सफाई अभियान चलाया गया एवं दवाई का छिड़काव भी किया गया.**

विधायक प्रदीप लारिया के द्वारा सभी रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, विवेक सक्सेना, भागीरथ सब्जीवाले सहित सभी जनप्रतिनिधि के द्वारा सफाई में सहयोग कर श्रमदान किया गया. विधायक श्री लारिया नपा अध्यक्ष श्री अहिरवार ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया.

# आत्महत्या की चेतावनी

## प्रशासन की चुप्पी पर किसानों का आक्रोश

**गुना। जनसुनवाई में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर एक पीड़ित किसान ने जब अपने दर्द को सामने रखा तो वहां मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए। तहसील बमोरी के ग्राम उकावद कला निवासी किसान मनोज धाकड़ ने कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए कहा कि मैं आत्महत्या करने को मजबूर हूँ, और यदि मेरी मौत हो जाए तो जितने घंटे मैंने अधिकारियों के चक्कर लगाए हैं उतने ही घंटे मेरा शव सिंचाई विभाग के दफ्तर में रखा जाए।**

किसान के इस बयान ने प्रशासनिक उदासीनता और तंत्र की लापरवाही पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आवेदन में किसान ने बताया कि रामपुर डैम से डौंगरखेड़ी मायनैर तक आने वाली नहर उसके खेतों के पास से गुजरती है। नहर में लगातार रिसाव हो रहा है जिससे उसका खेत हर साल जलमग्न हो जाता है और पूरी फसल बर्बाद हो जाती है।

यही नहीं, पुलिया की चौड़ाई भी अन्य जगहों पर 2.2 फीट रखी गई है जबकि उसके खेत की पुलिया मात्र एक फीट चौड़ी है। इस वजह से पानी का दबाव बढ़ता है और कभी भी नहर फूट सकती है, जिससे उसकी जमीन और आसपास के किसानों की मिट्टी बह सकती है। मनोज धाकड़ ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार सिंचाई विभाग के अफसरों के पास गए और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई.

समस्या | म्याना के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का मामला लेकर जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण

# छात्रावास की समस्याओं को लेकर अभिभावकों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुना। जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को म्याना क्षेत्र से पहुंचे अभिभावकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कार्रवाई की मांग की।**

अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में छात्रावास में नई वार्डन संगीता गुपचुप की पदस्थापना की गई है, जो बीमार रहती हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। ऐसे में छात्रावास की दर्जनों बालिकाओं की देखरेख में गंभीर लापरवाही हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि नई वार्डन बालिकाओं और अभिभावकों के साथ अभद्र व्यवहार करती हैं और छात्राओं को धमकी देती हैं कि यदि उन्होंने शिकायत की तो उनकी टी.सी. काट दी जाएगी। वहीं सहायक वार्डन शर्मिला परवीन पर भी छात्राओं के साथ मारपीट और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बालिकाओं का कहना है कि उन्हें पढ़ाई की बजाय दिनभर उपेक्षित रखा जाता है और सहायक वार्डन अक्सर मोबाइल फोन में व्यस्त रहती हैं।



### छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता

अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि वार्डन का ड्राइवर पूरे दिन छात्रावास के मुख्य गेट पर बैठा रहता है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। अभिभावकों ने मांग की है कि वर्तमान वार्डन और सहायक वार्डन को तत्काल हटाकर पूर्व वार्डन सबनम बानो को दोबारा पदस्थ किया जाए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।